
हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 अप्रैल 2025

11 मांगें लागू नहीं करने से कर्मियों को हो रहा आर्थिक...



12 एनएचएम निदेशक के आदेश पत्र की कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर...



**खबर संक्षेप**

### महासर में माता की शोभायात्रा आज

**मंडी अटेली।** महासर माता नौवीं निशान पदयात्रा का आयोजन पंचमी दो अप्रैल को पुरानी अनाज मण्डी राधा कृष्ण मन्दिर अटेली से महासर धाम तक आयोजन किया जा रहा है। इसके आयोजक महासर माता भगत मंडल कोलकाता हैं। इसके बारे में जानकारी देते हुए महासर माता भगत मंडल सदस्य सर्वेश सिंघल ने बताया यह शोभा यात्रा सायं तीन बजकर 45 पर अटेली से चलकर महासर धाम में पहुंच कर संपन्न होगी। शोभायात्रा समापन के पश्चात रात्रि प्रसाद एवं विश्राम की व्यवस्था।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी पर जताया आक्रोश

**नांगल चौधरी।** प्रदेश में बिजली दर व टोल टैक्स में बढ़ोतरी करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक चंद्रप्रकाश एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सरकार से बढ़ी हुई दरें तुरंत प्रभाव से वापस लेने की गुहार लगाई। अन्यथा कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा ने महंगाई पर अंकुश लगाने का वादा किया था। बिजली बिल घटाने व दैनिक उपयोगी वस्तुओं के दाम बढ़ोतरी पर अंकुश लगाने की घोषणा की थी, लेकिन सत्ता मिलते ही भाजपा ने रंग बदलना शुरू कर दिया।

### मार्केट कमेटी सचिव ने मंडी के दोनों गेट पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगवाई

# एक्सटेंशन खत्म: अस्पताल के साथ लगती मंडी में नहीं होगी फसलों की खरीद-फरोख्त

व्यापारियों ने एक नया निर्णय और लिया है, जिन किसानों की सरसों-गेहूं या अन्य कोई फसल सरकारी रेट पर नहीं बिकती है तो व्यापारी नांगल चौधरी रोड स्थित नई अनाज मंडी में मार्केट रेट से सरसों व अन्य फसलों की खरीद करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला नागरिक अस्पताल के साथ लगती अनाज मंडी की एक्सटेंशन 31 मार्च को खत्म हो गई है। इस कारण इस मंडी को कृषि विपणन मार्केटिंग विभाग ने डिनोटिफाई कर दिया है। अब किसान यहां अपनी फसलें नहीं बेच सकेंगे और न ही आढ़ति यानि व्यापारी यहां पर फसल खरीद सकेंगे। इन आदेशों के चलते मार्केट कमेटी सचिव ने इस मंडी के दोनों गेट पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगवा दी है, ताकि यहां कोई किसान फसल लेकर न आ सके। हालांकि इस मंडी को फिर से चालू करवाने के लिए व्यापारी लामबंद हैं और वह राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते इसे फिर से चालू करवाने को प्रयासरत हैं। दूसरी ओर व्यापारियों ने एक अप्रैल से पहले दिन एक नया निर्णय और लिया है, जिसके अनुसार जिन किसानों की सरसों-गेहूं या अन्य कोई फसल सरकारी रेट पर नहीं बिकती है तो मंडी के व्यापारी नांगल चौधरी रोड स्थित नई अनाज मंडी में मार्केट रेट से सरसों व अन्य फसलों की खरीद करेंगे। इस निर्णय को लागू करते हुए व्यापारियों ने आज से ही इस मंडी में खरीद भी चालू कर दी। यह वही मंडी है, जहां किसानों से सरकार सरसों एवं गेहूं की सीधे सरकारी रेट पर खरीद कर रही है। डिनोटिफाई के अगले निर्णय तक यहीं पर व्यापारी फसलों की खरीद-फरोख्त करेंगे।





नारनौल। मंडी में फसल आवागमन रोकने के लिए गेट पर तैनात पुलिस व जल महल के नजदीक मंडी में खरीद चालू कराते प्रधान रामजीलाल मित्तल। फोटो : हरिभूमि

#### पुरानी मंडी में खरीद की स्थिति

जिला नागरिक अस्पताल के साथ लगती मंडी में वित्त वर्ष 2024–25 में सरसों लगभग 9500 क्विंटल, ग्वार 33,215 क्विंटल, बाजरा 827 क्विंटल, गेहूं 259 क्विंटल तथा चना दो क्विंटल खरीदा गया है।

#### यह बोली सचिव

मार्केट कमेटी की सचिव नुकुल यादव ने बताया कि पुरानी वाली अनाज मंडी की एक्सटेंशन खत्म हो चुकी है। नियमानुसार अब वहां पर फसलों की खरीद-फरोख्त नहीं हो सकती। इसके लिए व्यापारियों को नई वाली मंडी में आकर ही फसलें खरीदनी होंगी।

#### नई मंडी में खरीद चालू

एक्सटेंशन खत्म होने के चलते मंडी के व्यापारियों ने जल महल के समीप नई मंडी में फसलों की खरीद चालू कर दी है। पहले दिन दी खाद्यान्न व्यापार एसोसिएशन के प्रधान एवं पूर्व वाइस चेयरमैन रामजीलाल मित्तल ने खुद यह खरीद प्रारंभ करवाई। मित्तल ने बताया कि जो किसान सरकार की बजाए व्यापारियों को अपनी सरसों, गेहूं या अन्य फसल बेचता है तो फिलहाल उसे मार्केट रेट से नई मंडी में खरीदा जाएगा।

#### डिनोटिफाई का लंबे समय से चल रहा मामला

नारनौल शहर में वर्तमान में दो अनाज मंडियां हैं। जिला नागरिक अस्पताल के समीप बनी अनाज मंडी वर्ष 1938 में स्थापित अंग्रेजों के जमाने की पुरानी मंडी है, लेकिन शहर एवं आबादी का विस्तार होने से वह अब सघन आबादी क्षेत्र के बीच आ गई, जिस कारण पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा सरकार ने नारनौल में नांगल चौधरी रोड पर जल महल के समीप करीब 65 एकड़ में नई अनाज, सब्जी एवं पशुचारा मंडी तैयार कर दी। इस कारण कृषि विपणन मार्केटिंग विभाग ने अक्टूबर 2021 में पुरानी वाली अनाज मंडी को डिनोटिफाई कर दिया। जब रबी खरीद सीजन 2021–22 शुरू हुआ, तब एक अप्रैल से उक्त मंडी में सरकारी रेट पर सरसों एवं गेहूं की खरीद करने की बजाए नई जल महल वाली मंडी में सरकारी खरीद शुरू कर दी। तब इसके विरोध में मंडी के व्यापारी आंदोलन पर उतर आए थे और तपती धूप में मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना एवं अनशन शुरू कर दिया था। करीब 12 दिन बाद उनकी सुनवाई तब हुई, जब वहां पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव उनके बीच धरना स्थल पर पहुंचे और मंडी पुनः चालू करवाने का आश्वासन दिया। एडीओ ने तब सीएम से मिलकर इस पुरानी मंडी को छह महीने की एक्सटेंशन दिलाई थी, जो बार–बार रिनिवल होकर अब 31 मार्च 2025 तक चलती रही है, लेकिन इन तीन साल में यह एक्सटेंशन पुनः खत्म हो गई है। कमाल की बात है कि इस बार मंडी के आढ़ती दो फाड़ हैं। कुछ आढ़ती चाहते हैं कि पुरानी मंडी को छोड़कर नई मंडी को आबाद किया जाए। जबकि अधिकांश आढ़ती चाहते हैं कि पुरानी मंडी को ही आबाद रखा जाए। दोनों पक्ष अपनी–अपनी मांग को लेकर यहां के विधायक एवं सांसद को ज्ञापन भी दे चुके हैं। यहां बता दें कि इस मंडी को चालू करवाने में ज्यादातर व्यापार समर्थक हैं, जबकि इनकी तुलना में दूसरे पक्ष के व्यापारियों की संख्या काफी कम है। इसलिए राजनीतिक माहौल को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस पुरानी मंडी को कभी भी एक्सटेंशन मिल सकती है और यह पुनः चालू हो सकती है।

## पहले दिन जिले की मंडियों में नहीं पहुंचा गेहूं, सरसों की खरीद जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद चालू होनी थी, लेकिन जिले की छह मंडियों में से एक भी मंडी में गेहूं बिक्री के लिए नहीं पहुंचा। सप्ताह का दूसरा दिन होने के चलते आज हैफेड द्वारा खरीद की जानी थी, लेकिन गेहूं नहीं आने के कारण पहले दिन उसके हाथ गेहूं के बगैर खाली ही रहे। दूसरी ओर सरसों की आवक एवं खरीद जोरों पर रही।

गौर हो कि एक अप्रैल से रबी सीजन-2025–26 के तहत प्रदेश की 415 मंडियों में गेहूं की सरकारी खरीद चालू होनी थी। इसके लिए जिले की छह मंडियों का चयन किया गया है। यह छह मंडिया वही मंडियां हैं, जहां पहले से सरकारी समर्थन मूल्य पर सरसों की खरीद की जा रही है। इन मंडियों में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद भी चालू होनी थी। सरकार ने इस बार गेहूं का सरकारी समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया हुआ है, लेकिन पहले दिन गेहूं का एक दाना भी नए गेहूं का बिक्री के लिए नहीं पहुंचा, क्योंकि अभी किसान गेहूं की लावणी में ही जुटे हुए हैं। पहले उसकी कटाई होगी, फिर उसे अच्छी तरीह से सुखाया जाएगा। उसके बाद थ्रेसिंग होगी। गेहूं निकालने के बाद किसान देखेंगे कि जो गेहूं पैदा हुआ है, वह उनके परिवार के लिए सालभर के लिए पर्याप्त है या नहीं। यदि अधिक मात्रा हुई तो ही किसान मंडी आएंगे। अन्यथा पिछले सालों की स्थिति देखी जाए तो अटेली, कनीना एवं सतनाली मंडियों को छोड़कर नारनौल, महेंद्रगढ़ एवं नांगल चौधरी की मंडियों में गेहूं बिक्री के लिए नहीं पहुंचता है। इस बार वैसे भी सरसों की अधिकाधिक



नारनौल। अनाज मंडी में टीनशेड के नीचे रखी सरसों एवं बैठे किसान। फोटो : हरिभूमि

#### सरसों की खरीद जारी

दूसरी ओर मंडियों में सरसों की आवक तेज होने लगी है। नारनौल अनाज मंडी में मंगलवार दोपहर तक 106 गेटपास काटे गए, जबकि 306 किसान मंडी पहुंचे। 106 किसानों द्वारा 2226 क्विंटल सरसों लाई गई, जबकि कुल 306 किसानों द्वारा 6285 क्विंटल सरसों लाने का अनुमान है। मंगलवार को स्टेट वेयर हाउस की ओर से 1782.50 क्विंटल सरसों खरीदी जा चुकी, जबकि शेष कार्य जारी रहा। मंडी से मंगलवार को 2800 बैग की लिफ्टिंग भी गई, जबकि लगभग 6500 बैग मंडी में रखे हुए हैं।

बंपर पैदावार लेने के चक्कर में अधिकांश किसानों ने गेहूं की पैदावार पिछले सालों से भी कम की है। इन हालातों में गेहूं की कमी निरंतर बनी रहने की आशंका है।

## गेहूं खरीद के पहले दिन नहीं हुई आवक, प्रशासन की तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

प्रदेश सरकार की ओर से मंगलवार से गेहूं खरीद की प्रक्रिया शुरू करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन पहले दिन किसी भी किसान ने बस स्टैंड स्थित सब डिपों भवन में चल रहीं खरीद प्रक्रिया में गेहूं की फसल नहीं पहुंचाई। इस कारण गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। मार्केट कमेटी सचिव ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने कहा कि जैसे ही किसान अपनी फसल लेकर आएंगे, खरीद प्रक्रिया तुरंत शुरू कर दी जाएगी। मार्केट कमेटी की ओर से सब डिपो भवन में गेहूं खरीद को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। गेहूं का एमएसपी रेट 2425 रुपये निर्धारित किया गया है। हैफेड मैनेजर जगराम यादव ने बताया कि हैफेड की ओर से भी बारदाना, पीने का पानी, टोकन की व्यवस्था, साफ-सफाई की व्यवस्था की हुई है।



महेंद्रगढ़। खरीद केंद्र पर सरसो की नमी जांचते मैनेजर जगराम यादव। फोटो : हरिभूमि

## टायरों की दुकान में चोरी करने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

**सतनाली।** टायरों की दुकान में सेंधमारी कर चोरी करने वाले एक ओर आरोपित को सीआईए पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान जलदीप वासी उजीना हाल वार्ड नंबर एक नजदीक बालाजी मंदिर सगेल मेवात के रूप में हुई है। जांच के दौरान महेंद्रगढ़ में हुई अन्य चोरी के मामले में भी आरोपित का शामिल होना पाया गया। जिनमें आरोपित को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है। सतनाली में टायर चोरी के मामले में आरोपित से पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा तीन आरोपितों को पहले गिरफ्तार किया गया था, जिनसे पूछताछ में 53 हजार पांच सौ रुपये की नकदी बरामद की गई थी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सतनाली निवासी विनोद कुमार ने सतनाली में शिकायत दर्ज कराई थी। उसकी सतनाली में महेंद्रगढ़ रोड पर टायरों की दुकान है। जो किसी नाम पता नामालुम द्वारा दुकान का ताला तोड़कर टायर चोरी कर लिए गए हैं।

## कनीना में राजस्थान से मंडी लाई जा रही एक ट्रक सरसों पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

किसान का पीला सोना समझी जाने वाली सरसों फसल की आवक तेज होने ली है। जिसकी व्यवस्था जांचने के लिए मंगलवार को एसडीएम ने निरीक्षण किया। उन्होंने मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह से गेट पास काटे जाने, धर्मकांटे तथा खरीद व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। किसानों से भी बातचीत की। एसडीएम ने खरीद एजेंसी स्टेट वेयर हाउस की प्रबंधक सीमासिंह से कहा कि फसल बेचते समय किसानों के सामने कोई परेशानी न आए। उन्होंने खरीद एजेंसी व मार्केट कमेटी के अधिकारियों को जरूरी दिशानिर्देश भी दिए। वहीं, मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह ने बताया कि टीम ने वाहन जांच के दौरान राजस्थान से मंडी लाई जा रही एक ट्रक सरसों पकड़ी है। ये सरसों यादव टेडिंग कम्पनी की बताई गई है। जिसे अधिकारियों ने अपने कब्जे में लेकर 14875 रुपये की मार्केट फीस व 3720 रुपये का जुर्माना ठोका है।

मार्केट कमेटी सचिव विजय सिंह ने बताया कि 25 मार्च से सरसों की विधिवतरूप से खरीद शुरू हुई थी। 25 मार्च को 29 किसानों से 605 क्विंटल, 26 को 92 किसानों से 1815, 27 को 104 किसानों से 2068, 28 को 114 किसानों से 2106, 29 को 182 किसानों से 3495, 31 मार्च को 289 किसानों से 6358 व एक अप्रैल को 298 किसानों से 6650 क्विंटल सहित कुल 23097 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। खरीदी गई सरसों में से नौ हजार क्विंटल का उठान किया गया है। जिसे कनीना में ही हायर किए गए गोदाम में रखा जा रहा है। उन्होंने किसानों से कहा कि मंडी में साफ सुथरी तथा सुखी सरसों लेकर आएं। सरसों साफ नहीं होने तथा आठ फीसदी से अधिक नमी होने की स्थिति में सरसों की खरीद नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नकली एवं मिलावटी सरसों पाए जाने पर पुलिस केस दर्ज कराया जाएगा। फिलहाल सरसों की खरीद नैफेड के लिए एनसीसीएफए नेशनल को ऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन के माध्यम से स्टेट वेयर हाउस की ओर से की जा रही है। किसानों की सुविधा के लिए मार्केट कमेटी की ओर से मंडी गेट पर दो धर्मकांटे संचालित किए गए हैं। जिनका निरीक्षण मापतौल विभाग की ओर से करने के बाद प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इसके अलावा मंडी में साफ सफाई, बिजली पेयजल, टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। सरसों खरीद होने के 72 घंटे के अंतराल में एजेंसी की ओर से किसानों के खाते में राशि डाली जा रही है। उन्होंने बताया कि सरसों खरीद के लिए प्रदेश में 108 मंडियों में एमएसपी 5950 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से सरसों की खरीद की जा रही है।

**कनीना मंडी में खरीदी गई 23 हजार क्विंटल सरसों, खरीद एजेंसी व मार्केट कमेटी अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा निर्देश**

### सेना के अधिकारियों ने सिटी थाना इंचार्ज की उपस्थिति में परिजनों को दिया सम्मान

## शहीद सुमेर सिंह ने 1971 के युद्ध में दी थी शहादत, बांग्लादेश की पीएम द्वारा भेजा गया प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह परिजनों को मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

आज से 54 वर्ष पूर्व 1971 में हुए भारत पाकिस्तान युद्ध में शहादत देने वाले सैनिकों के परिजनों को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सम्मानित किया है। यह सम्मान प्राप्त करने वालों में कनीना के शहीद का परिवार भी शामिल है। जिन्हें मंगलवार को सिटी पुलिस थाना इंचार्ज की उपस्थिति में सेना के अधिकारियों ने सम्मानित किया। युद्ध के दौरान 1971 युद्ध में शहीद हुए कनीना निवासी शहीद सुमेर सिंह को बांग्लादेश देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की ओर से प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेजकर सम्मानित किया है। 1831 मीडियम यूनिट रेजिमेंट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल निशिकांत श्रीवास्तव के निर्देश पर कनीना पहुंचे सूबेदार मेजर धर्मबीर सिंह व नायक प्रवीन कुमार ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद के सिटी थाना इंचार्ज रविन्द्र सिंह, एएसआई सतीश कुमार, कमल सिंह, सुनील कुमार की उपस्थिति में पत्र व स्मृति चिह्न को परिजनों को सौंपा।

मेजर धर्मवीर सिंह ने बताया कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया गया था। जिसे शहीद सुमेर सिंह के परिजनों सुनील कुमार व अन्य को सौंप दिए हैं। शहीद सुमेर सिंह अमर रहे के नारों के बीच सम्मान प्राप्त कर शहीद के परिजन भावुक हो गए। आपको बताते चले कि जब बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना था, तब शहीद परिवार को देने के लिए यह प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति भेजा गया था। उसके तुरंत बाद वहां तख्ता पलट हो गया और इस कारण समय लग गया। अब जाकर यह प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति परिजनों को मिला है।



कनीना। शहीद सुमेर सिंह के परिजनों को स्मृति चिह्न प्रदान करते सेना के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

#### भारतीय सेना के 1600 शहीदों का किया सम्मान

मेजर धर्मबीर सिंह ने बताया कि 1971 में भारत पाकिस्तान के मध्य युद्ध हुआ था। जिसमें बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी मिली थी। 16 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। भारतीय सेना का नेतृत्व सैम मानेकशॉ कर रहे थे। बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की ओर से युद्ध में हिस्सा लेने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के 1600 शहीदों को सम्मानित करने का फैसला किया गया। सात अप्रैल 2017 को शहीदों के सात परिवारों को समनाना क्रेस्ट्स सौंपे थे। उन्होंने कहा कि देश के बहादुर जवानों की बदौलत पाकिस्तान से युद्ध जीता और बांग्लादेश को स्वतंत्र कराया था।

## सर्वजातीय महापंचायत में पाली व खुड़ाना में आईआईटी बनाने की पुरजोर मांग उठी

- पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा के आवास पर सर्वजातीय महापंचायत आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा में बनने वाली आईआईटी को लेकर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के आवास जयराम सदन में सर्वजातीय महापंचायत का आयोजन किया गया। यह सर्वजातीय महापंचायत सीनियर अधिवक्ता मदन सिंह शेखावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि महेंद्रगढ़ जिले में केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ लगते पाली व खुड़ाना गांव में 300 एकड़ आईआईटी के लिए जमीन उपलब्ध है। पानी एवं सड़क मार्ग की कनेक्टिविटी भी उपयुक्त है। आईआईटी के लिए यही जगह महेंद्रगढ़ जिले में सबसे उपयुक्त है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा हरियाणा प्रदेश को एक आईआईटी देने का निर्णय किया है। इस निर्णय के तहत महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव पाली या खुडाना में आईआईटी की जगह सबसे उपयुक्त है। उन्होंने भिवानी-महेंद्रगढ़ सांसद चौ. धर्मबीर सिंह एवं विधायक कंवर सिंह से भी आईआईटी पाली व खुडाना में बनाने के लिए सहयोग करने का अनुरोध किया है। आईएमटी खुडाना भी उनका सपना अभी अधूरा है, इस सपने को पूरा करने के लिए भी वे अपने जीवन की बाजी लगा देंगे।

सर्वजातीय महापंचायत को यादव सभा प्रधान डॉ. अभयराम यादव, गौड़ ब्राह्मण सभा प्रधान राकेश महता एडवोकेट, सैनी सभा की तरफ से उपप्रधान कैलाश सैनी, जिला परिषद चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार सहित अनेक लोगों ने पाली व खुड़ाना में आईआईटी बनाने के लिए सरकार से मांग की। सर्वजातीय महापंचायत में 21 सदस्यीय कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया। जिसमें हर समाज के प्रतिनिधि को शामिल करने का रामबिलास शर्मा ने आह्वान किया।



महेंद्रगढ़। सर्वजातीय महापंचायत को संबोधित करते पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा। फोटो : हरिभूमि



# पायरेसी सम्राट बन मुनव्वर फारुकी ने मचाया धमाल...

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी और क्रिस्टल डिसूजा अभिनीत फिल्म 'फर्स्ट कॉपी'का टीजर रिलीज कर दिया गया है। सिनेमा की दुनिया में कदम रख रहे मुनव्वर इस फिल्म में एक पायरेसी मास्टर की भूमिका अदा कर रहे हैं। लीक फिल्मों के कारणों को फिल्म में दिखाया जाएगा। यह फिल्म दर्शकों को एक रोमांच का अनुभव कराती नजर आ रही है। मुनव्वर फारुकी अपनी आगामी फिल्म 'फर्स्ट कॉपी' से सिनेमा की दुनिया में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है, जिसका टीजर आपको 90 के दशक में ले जाता है, जहां आरिफ के किरदार में मुनव्वर फारुकी फिल्म उद्योग में पायरेसी दुनिया का मास्टरमाइंड बन जाता है।

## लाइफ Style

# तमन्ना

## 'रेड 2' में करेंगी आइटम नंबर

एजेंसी ⏭ मुंबई

'रेड 2' अपने ऐलान के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख के साथ-साथ 'रेड 2' के कलाकारों के भी लुक साझा किए थे। फिल्म के टीजर ने भी दर्शकों के बीच काफी उत्साह पैदा किया था, जिसके बाद से दर्शकों को बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

इस बीच अब फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। रेड 2 में सीधे-सादे आईआरएस अधिकारी अमय पटनायक की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए तैयार हैं। निर्माता एक खास प्रमोशनल नंबर के साथ इसे और भी मसालेदार बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तमन्ना भाटिया को रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक हाई-एनर्जी डांस ट्रैक के लिए साइन किया गया है। विजय गांगुली द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना इस सप्ताह मुंबई के एक स्टूडियो में दो दिनों में फिल्माया जाएगा। यह गाना एक स्टैंडअलोन पोस्ट-क्रेडिट के रूप में काम करेगा। हालांकि, अजय और तमन्ना इस ट्रैक में स्क्रीन स्पेस साझा नहीं करेंगे। बता दें कि अजय और तमन्ना इससे पहले ही 'रेंजर' पर एक साथ काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मिशन मंगल के जगन शक्ति ने किया है। उम्मीद है कि इस नंबर की शूटिंग खत्म होने के बाद तमन्ना 'रेंजर' के सेट पर शामिल होंगी। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और रितेश शाह, करण व्यास और जयदीप यादव सहित और टीम द्वारा लिखित रेड 2 अमय पटनायक की 75वीं छापेमारी पर आधारित है। इस बार छापमारी दादा भाई नाम के एक शक्तिशाली टाइकून के खिलाफ होगी, जिसका किरदार रितेश देशमुख ने निभाया है।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर मैनः 'ब्रांड न्यू डे' की घोषणा...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'स्पाइडर मैन' की अभी तक तीन फिल्में सिनेमाघरों में धमाल मचा चुकी हैं। पीटर पार्कर के किरदार से सभी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके टॉम हॉलैंड की आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैन 4' की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को हुई। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' घोषित किया गया है। सोनी पिक्चर्स ने एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ''मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।



# प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ा किम सू ह्यून...

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता किम सू ह्यून और दिवंगत अभिनेत्री किम से रॉन के रिश्ते और उनके पर्सनल चैट सामने आने के बाद अभिनेता लगातार विवादों में घिरे हुए हैं। अभिनेता किम सू ह्यून पर आरोप हैं कि वो किम से रॉन के साथ जब रिलेशन में थे, तब अभिनेत्री नाबालिग थीं। किम से रॉन के परिवार ने अभिनेत्री की मौत के बाद दोनों की चैट वायरल की थी, जिसमें दोनों की प्राइवेट बातें थीं। उस चैट के सामने आने के बाद इस बात की और भी पुष्टि हो रही थी कि अभिनेत्री उस समय नाबालिग थीं। अब इस पूरे मामले पर अभिनेता किम सू ह्यून ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में किम सू ह्यून भावुक नजर आए और रोने लगे।



# 'चांद मेरा दिल' में आएंगी नजर...

**मुंबई।** पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी। फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर. माधवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया।



# वाणी से फ्लर्ट करते दिखे फवाद...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'अबीर गुलाल' का टीजर पोस्ट किया है। इस टीजर में फवाद खान और अभिनेत्री बारिश के मौसम में एक कार में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में फवाद एक पुरानी फिल्म '1942: अ लव स्टोरी' का एक गाना 'कुछ ना कहो' गाते दिख रहे हैं, जिसके बाद वाणी ने अभिनेता से सवाल किया कि क्या वह फ्लर्ट कर रहे हैं, तो अभिनेता ने कहा कि आप क्या चाहती हैं कि वह करें। इस वीडियो को पोस्ट करते समय वाणी ने कैप्शन में लिखा कि इंतजार खत्म। साथ ही लिखा कि 9 मई को सिनेमाघरों में मिलते हैं। आरती एस बागड़ी के निर्देशन में इस फिल्म को बनाया जा रहा है। इस फिल्म को ए रिचर लेंस के बैनर तले तैयार किया जा रहा है, जिसमे आरजय पिक्चर्स का सहयोग है।

## टीवी मसाला



# एकता कपूर ने 'नागिन 7' पर लगाई मुहर...

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने अपने प्रसिद्ध 'नागिन' सीरियल के सातवें सीजन की पुष्टि आधिकारिक तौर पर कर दी है। एकता ने 'नागिन 7' को लेकर एर दिलचस्प जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। एकता ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, 'नागिन 7 जल्द आएगा, बहुत जल्द।' 'नागिन 7' में इस बार ईशा मालवीय नागिन के रोल में नजर आ सकती हैं। 'उडारियां' और 'बिग बॉस 17' से प्रसिद्ध हुईं ईशा अगर 'नागिन 7' में आती हैं, तो यह उनके कॅरियर के लिए काफी बड़ी उपलब्धि होगी। एकता कपूर के प्रसिद्ध नागिन सीरियल का पहला सीजन 2015 में शुरू हुआ था, जिसमें मौनी रॉय, अदा खान और अर्जुन बिजलानी ने अपने शानदार अभिनय से दर्शको का दिल जीता था। पहले सीजन की सफलता के बाद इसके अभी तक छह सीजन आ चुके हैं। अब प्रशंसकों को 'नागिन 7' के आने का इंतजार है। 'नागिन' टीवी सीरियल ने कई चेहरो को फैंस के बीच खास बनाया, जिनमें मौनी रॉय से लेकर हिना खान, अदा खान, सुरभि ज्योति, सुरभि चंदना, तेजस्वी प्रकाश और रश्मि देसाई शामिल हैं। बहरहाल, फैंस को अब 'नागिन 7' के आने का बेसब्री से इंतजार है।

## 'ये रिश्ता क्या...' में रोहित की होगी मौत

**नई दिल्ली।** ये रिश्ता क्या कहलाता है टीवी के पॉपुलर शोज में से एक हैं, जिसमें कई बार लीप आ चुका है। वहीं, अब चौथी पीढ़ी के साथ समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित अबीरा और अरमान की कहानी से दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं। लेटेस्ट ट्रैक में अबीरा और अरमान पेरेंट्स बनना चाहते हैं। लेकिन, वह कंसीव नहीं कर पा रहे हैं, जिसके चलते वह रुही से सरोगेट बनने के लिए कहते हैं और वह मान जाती है। लेकिन, इन सब में अब नया ट्विस्ट आना बाकी है, जिसकी झलक लेटेस्ट प्रोमो में देखने को मिली है। अरमान को एक कॉल आता है और उसे चौंकाने वाली खबर मिलती है। इसके बाद पता चलता है कि रोहित की मौत हो गई है। वहीं, अरमान रोहित से किया वादा याद करता है कि वह रुही और दक्ष का उसके जाने के बाद ख्याल रखेगा। प्रोमो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, एक हादसे ने बदल दी अबीरा-अरमान की जिंदगी।



# 92 साल पहले इस एक्ट्रेस पर फिल्माया गया था सबसे लंबा किसिंग सीन...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अब किसिंग और इंटीमेट सीन आम हो चुके हैं। शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में छोड़ दें तो तकरीबन सभी एक्टर्स फिल्मों में बिना किसिंग सीन के नजर ही नहीं आते हैं। बॉलीवुड अपनी इंटीमेट फिल्मों की वजह से बदनाम भी है, लेकिन हिंदी सिनेमा में किसिंग सीन कोई नई बात नहीं है। 92 साल पहले रिलीज हुई इस फिल्म के उस किसिंग सीन को सबसे लंबा माना जाता है, जिसमें एक्ट्रेस देविका रानी ने 30-40 के दशक में अपने को-स्टार संग तहलका मचा दिया था। देविका रानी भारत की पहली सुपरस्टार बनीं और उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री पर एक दशक तक राज किया।



***कितने मिनट का था किसिंग सीन :*** देविका रानी अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल दोनों ही लाइफ से चर्चा में रहती थीं। साल 1933 में रिलीज हुई फिल्म 'कर्मा' में उनके किसिंग सीन ने हंगामा मचा दिया था। फिल्म कर्मा का यह किसिंग सीन देविका और हिमांशु रॉय के बीच फिल्माया गया था। फिल्म में दोनों को राजकुमार-राजकुमारी के रोल में देखा गया था। इस सीन में राजकुमार को सांप काट लेता है और वह बेहोश हो जाते हैं और राजकुमारी उन्हें होश में लाने के लिए उनके होठों पर चुंबन करती हैं, यह सीन कोई रोमांटिक सीन नहीं था। कहा जाता है कि यह किसिंग सीन 4 मिनट लंबा था, लेकिन सच यह नहीं है।

***फिल्म में क्यों डाला गया किसिंग सीन?:*** लंदन में शूट हुई इस फिल्म का रनटाइम 63 मिनट का था। फिल्म का निर्देशन जे एल फ्रीयर हंट ने किया था और यह फिल्म ब्रिटिश राज में बनी थी, तो पश्चिमी दर्शकों को देखते हुए यह किसिंग सीन डाला गया था। किश्वर देसाई की किताब 'द लॉन्गेस्ट किसः द लाइफ एंड टाइम्स ऑफ देविका रानी' (2020) के मुताबिक, देविका और हिमांशु की इस फिल्म के दौरान नई-नई शादी हुई थी और इस तरह का सीन करना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं थी। किताब के मुताबिक यह किसिंग सीन 4 नहीं, बल्कि 2 मिनट लंबा था।

# तिब्बत से आई थी ये एक्ट्रेस, बॉलीवुड ने दिया नाम और बन गई सुपरस्टार...

**नई दिल्ली।** तकदीर किसे कहां से कहां ले जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। बॉलीवुड में भी एक ऐसे ही लेजेंड्री एक्ट्रेस रहीं। जिनकी जिंदगी घूमते घूमते उन्हें इस ग्लैमर से भरी दुनिया में लेकर आ गई। इस एक्ट्रेस की जिंदगी शुरू हुई तिब्बत से, स्कूली पढ़ाई हुई दार्जिलिंग से और फिर माया नगरी के बुलावे पर तकदीर मुंबई ले आई। जहां उनकी पहचान बनी एक्ट्रेस लतिका के रूप में, जिन्होंने बीटाउन के बड़े-बड़े डायरेक्टर और एक्टर्स के साथ काम किया।



### एक्ट्रेस का सफर

ऑस्ट्रेलियाई पिता और तिब्बती मूल की लतिका का असल नाम हूंगू लामू था। लतिका जब बहुत छोटी थीं तब ही उनके पिता चल बसे। मां ने दूसरी शादी की तो लतिका को अनाथ आश्रम जाना पड़ा। जिसे एक स्कॉटिश मिशनरी संचालित करती थी। उसमें दाखिले के लिए लतिका को ईसाई बनना पड़ा। बाद में सौतेले पिता का ट्रांसफर मुंबई हुआ तो लतिका भी उनके साथ ही मुंबई आ गई। इस तरह लतिका ने पहली बार मुंबई में कदम रखा। जहां से उनकी तकदीर बदलने वाली थी।

### इस तरह मिला फिल्मों में काम

लतिका जहां रहा करती थीं वहां उनके पड़ोस में एक कथक डांसर रहती थीं। उन्हें देखकर लतिका की भी फिल्मों में काम करने की इच्छा जागी। एक दिन उस कत्थक डांसर के साथ वो मिनर्वा स्टूडियो पहुंची। जहां उन पर सोहराब मोदी की नजर पड़ी। उन्होंने लतिका को यही नाम यानी कि लतिका नाम दिया और साल 1944 में रिलीज हुई फिल्म परख में काम करने का मौका भी दिया। इस दौरान लतिका ने गोपीनाथ नाम की फिल्म में राज कपूर और जुगनू में दिलीप कुमार जैसे दिग्गज स्टार्स के साथ भी काम किया। 1944 से 1949 तक लतिका ने कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग के जौहर दिखाए। साल 1949 में उन्होंने मशहूर कॉमेडी एक्टर गोप से लव मैरिज की और फिल्मों को अलविदा कह दिया।

## 48 साल पहले 1 करोड़ रुपए में बनी और बंपर की कमाई

# बाहुबली -2 भी नहीं तोड़ पाई अमिताभ की इस फिल्म का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बाहुबली-2 28 अप्रैल, 2017 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस भारतीय फिल्म ने 1,810 करोड़ रुपए की कमाई करके अब तक का सबसे ज्यादा वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। हालांकि, यह फिल्म 1030.42 करोड़ रुपए के साथ भारत के नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में दूसरे स्थान पर है। लेकिन, अमिताभ बच्चन की जिस फिल्म पर सवाल उठ रहे हैं, वो 48 साल पहले बनी थी और इसने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है।



### निवेश से 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया

*अमिताभ बच्चन ने हमें शोले, जंजीर, दीवार जैसी कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली फिल्में दी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस ए-लिस्ट अभिनेता की एक फिल्म ऐसी है जो आज भी सभी हिट फिल्मों को पीछे छोड़ रही है? बच्चन 1969 से अभिनय जगत में हैं और इस लंबे कॅरियर में उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। लेकिन, उनकी एक फिल्म ऐसी है जो आज भी प्रभास की बाहुबली 2 के सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है।*

अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफ़िस पर 7.25 करोड़ रुपए और दुनिया भर के बॉक्स ऑफ़िस पर 15 करोड़ रुपए कमाए। दरअसल, अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी ने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर इनवेस्ट की गई राशि से 7 गुना (बढ़ा हुआ) और दुनिया भर में निवेश की गई राशि से लगभग 15 गुना बढ़ा हुआ धन कमाया। वहीं, बाहुबली के साथ अमर अकबर एंथनी की तुलना करें तो, प्रभास की फिल्म कथित तौर पर 250 करोड़ रुपए के बजट पर बनी है। इसलिए, इसने भारत के नेट बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का लगभग 5.7 गुना ही कमाया, जबकि दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर निवेश की गई राशि का केवल 10 गुना ही कमाया। ऐसे में 48 साल पहले सिनेमाघरों में आई अमिताभ बच्चन की अमर अकबर एंथनी अभी भी अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 से आगे है।



### तीन भाइयों की कहानी पर है आधारित

हम यहां अमर अकबर एंथनी के बारे में बात कर रहे हैं। यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी पर आधारित है, जो अलग-अलग धार्मिक परिवारों में पले-बढ़े हैं, जो कई सालों बाद एक संयोगवश मुलाकात में फिर से मिलते हैं। बिग बी, विनोद खन्ना, ऋषि कपूर, शबाना आजमी, परवीन बॉबी और नीतू सिंह स्टारर अमर अकबर एंथनी अपनी रिलीज के समय एक बड़ी सफल फिल्म थी। बच्चन स्टारर फिल्म 1977 में रिलीज हुई थी. रिपोर्ट्स के अनुसार, अमर अकबर एंथनी को 1 करोड़ रुपए के अनुमानित बजट पर बनाया गया था। इस फिल्म को ईएमडीबी द्वारा 7.4/10 रेटिंग, रॉटन टोमेटोज द्वारा 86% और प्राइम वीडियो द्वारा 7.4/10 रेटिंग मिली।

## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। मंदिर में हवन करते हुए।

### गांव सिसोठ में माता भूरा भवानी का जागरण 4 को

**महेंद्रगढ़।** नवरात्रि के चौथे दिन माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना की गई। मंदिर महंत शक्तिनाथ महाराज ने बताया कि नवरात्री के चौथे दिन देवी दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है। मां कुष्मांडा की पूजा करने से व्यक्ति को धन की प्राप्ति होती है। साथ ही बल और बुद्धि में भी वृद्धि होती है। माता के दर्शन करने व पूजा पाठ करके मन्नत मांगने के लिए पावटा राजस्थान से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### चिराग कुमार को मिला बेस्ट वालियंटर खिताब

**नांगल चौधरी।** शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें कैडेट चिराग कुमार को सर्वश्रेष्ठ वालियंटर के खिताब से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्राचार्य डा. अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत कराया, साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज में परोपकार व स्वयं सेवी भावना का प्रसार करने के मकसद से राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना क्रियावित की गई है।

### पौधरोपण के साथ मनाया प्रवेश महोत्सव

**नारनौल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हवन के साथ प्रवेश महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर नारनौल एसडीएम ने माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डीईईओ सुभाष सांवरिया व बीईओ अशोक कुमार शर्मा थे। मंच संचालन करते प्रवक्ता रविन्द्र सैनी ने किया। उन्होंने कहा कि प्रकार मॉडल संस्कृति स्कूल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में अपितु खेल, कला व साहित्य, प्रतियोगी परीक्षाओं, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा है।

### पायल का कस्तूरबा गांधी विद्यालय में चयन


**नारनौल।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाणी बंधावाली की छात्रा पायल का कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में दाखिला होने पर स्टाफ का ग्राम वासियों ने खुशी जाहिर की। विद्यालय के प्रभारी अध्यापक मनोज गौतम ने बताया कि पायल ने कस्तूरबा बालिका विद्यालय में दाखिला के लिए प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा दी थी, उस प्रतियोगी परीक्षा देने वाली छात्राओ में भी अव्वल अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं में स्थान बनाया है। पायल सहसांस्कृतिक गतिविधियों में खंड स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर चुकी है। गौरतलब है कि पायल की बड़ी बहन का पिछले साल इसी विद्यालय में प्रतियोगी परीक्षा के तहत दाखिला हो चुका है। विद्यालय के अध्यापक संजय योगी ने बताया कि पायल एक होनहार लड़की है।

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा यूनियन की हुई बैठक

# मांगें लागू नहीं करने से कर्मियों को हो रहा आर्थिक नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा यूनियन की बैठक मंगलवार को हुई। जिसमें 24 घंटे की भूख हड़ताल व परिवहन मंत्री को ज्ञापन देने के बारे विचार विमर्श किया गया। इस अवसर कर्मचारियों ने हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन सांझा मोर्चा के बेनर तले पूर्व में घोषित तीन अप्रैल से होने वाली भूख हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि 23 जून 2023 व 16 जुलाई 2024 को सरकार ने कर्मचारियों की अनेक मांगों पर सहमति जताई थी तथा उन्हें लागू करने का आश्वासन दिया था। जिन्हें आज तक लागू नहीं किया गया है।



नारनौल। जीएम अनीत यादव को ज्ञापन सौंपते रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

इस अवसर पर डिपो प्रधान हंसराज यादव ने कहा कि मांगें लागू नहीं करने से कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मांगों को लागू करने की मांग को लेकर सभी डिपोओं मे छह चरणों में तीन अप्रैल, आठ अप्रैल, 16 अप्रैल, 24 अप्रैल व पांच मई को भूख हड़ताल की जाएगी। उन्होंने बताया कि तीन अप्रैल को कुरुक्षेत्र, फतेहाबाद, भिवानी, फरीदाबाद, भिवानी डिपो में 24 घंटै की भुख हड़ताल की जाएगी। इसी प्रकार नारनौल डिपो में 16 अप्रैल भूख हड़ताल की जाएगी। उन्होंने बताया कि यूनियन की मुख्य मांग परिचालक व चालक को लिपिक के वेतनमान की वेतन विसंगति दूर करके पे ग्रेड बढ़ाया जाए, चालक व परिचालकों को समिति ओवरटाईम व रात्रि ठहराव करने व चालक परिचालक को निरीक्षण, उपनिरिक्षक, कर्मशाला के कर्मचारियों के देय अर्जित अवकाश कटौती के जारी आदेश वापस लिया जाए। इसके अलावा 2002 में भर्ती हुए चालकों को नियुक्ति तिथि से पक्का करके पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए, 2016 चालकों को पक्का किया जाए, दादरी डिपो में पार्ट पर लगे 52 हेल्परों व सभी कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाए, अड्डा इंचार्ज का नया पद सृजित किया जाए, विभाग जोखिम भत्ता दे, एक्सग्रेसिया नीति में लगाई गई सभी शर्तों को हटाया जाए।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

बैठक के बाद रोडवेज कर्मचारियों ने डिपो महाप्रबंधक अनीत यादव को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जितेन्द्र कुमार, डिपो प्रधान हंसराज यादव, इंटक डिपो प्रधान सुरेश कुमार, महासचिव मनोज कुमार, पुर्व उपप्रधान कुलदीप यादव, महासचिव मुकेश, स्टेड इंचार्ज राजेश कुमार, यूनियन के सदस्य भगत सिंह, कैशियर योगेश, ऑडिटर विजय कुमार, वीरेन्द्र, संगठन सचिव नीरज कुमार, चालक विजय, चालक कृष्ण कुमार, गोपाल, अजीत कुमार, नीरसिह, राज्य महासचिव देवेन्द्र बिंटू, अरुण कुमार, विजय चेयरमैन आदि मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी विद्यालय में दैनिक गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में दैनिक गतिविधियों के मध्य एक शानदार रिंग डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रिंग का प्रयोग करते हुए पारंपरिक लोक गीतों पर खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों का जोश और उत्साह देखते ही बनता था। उन्होंने न केवल नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि अपनी सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत किया। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि रिंग डांस जैसी सांस्कृतिक गतिविधियां न केवल छात्रों के मनोरंजन का साधन है, बल्कि उन्हें अपनी परंपराओं और संस्कृति से जोड़ने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है।

इस अवसर पर संस्था वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र सिंह, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव मौजूद रहे।

## आरपीएस डिग्री कॉलेज में व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

आरपीएस डिग्री कॉलेज के मानविकी विभाग के द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यवक्ता सेंट्रल यूनिवर्सिटी के इतिहास विभाग से प्रो. नरेंद्र परमार रहे। व्याख्यान का शीर्षक भारतीय ज्ञान प्रणालीरू सिंधु सरस्वती सभ्यता के विशेष संदर्भ में रखा गया। कार्यक्रम का आरंभ कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र सिंह के स्वागत भाषण से हुआ।

डॉ. देवेंद्र ने बताया के इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अपनी सभ्यता इतिहास और संस्कृति के प्रति गहन समझ विकसित करना है। 2020 में आरंभ की गई शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम में भी भारतीय शिक्षा परंपरा को इतिहास विषय के प्रथम वर्ष की विषय वस्तु में शामिल किया गया।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

प्रो. परमार ने बताया कि भारत जिसका अर्थ ज्ञान में लीन रहना है। ऐसे सभ्यता और संस्कृति से जुड़े हुए लोगों का देश है, जिन्होंने वसुधेव कुटुंबकम का विचार दिया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र सिंह, कॉलेज रजिस्ट्रार देवेंद्र यादव, कॉलेज डायरेक्टर महेश यादव, मानविकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश व विभाग के अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### राजकीय विद्यालय ऊंची भांडोर का परीक्षा परिणाम घोषित

**महेंद्रगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ऊंची भांडोर में कार्यकारी प्राचार्य सुभाष चंद की उपस्थिति में वेदप्रकाश शास्त्री ने परीक्षा परिणामों की घोषणा की। प्राथमिक मुखिया राकेश कुमार ने बताया कि बाल वाटिका में प्रियांशी प्रथम तथा दिपांशु द्वितीय, कक्षा पहली में जय ने प्रथम तथा नवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी में आर्यन प्रथम व दिव्यांशी ने द्वितीय, तीसरी में दीपिका ने पहला तथा पूर्व तंवर ने दूसरा, चौथी में गीतिका प्रथम, पारस द्वितीय, पांचवी में विराट प्रथम व रेणुका द्वितीय रही। विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि छठी में ईशानी ने पहला तथा खुशी ने दूसरा, सातवीं में कीर्ति प्रथम तथा प्रीती द्वितीय, आठवीं में छवि ने पहला तथा दीया चौहान ने दूसरा, नौंवी में हर्षिता प्रथम तथा वर्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## एचपीएस में हवन से किया नए शैक्षणिक सत्र का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने स्वयं पूर्ण विधिविधान पूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में आहुति डालते हुए हवन संपन्न करवाया।

विद्यालय प्राचार्य सुनील यादव व डीन मनोज भारद्वाज ने बताया कि सनातन परंपरा के अनुसार किसी भी नए कार्य का शुभारंभ हवन के साथ किया जाता है और एचपीएस में विद्यार्थी स्वयं हवन करने में सक्षम हैं। विद्यालय अपने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ अपनी सनातन संस्कृति के प्रति भी जागरूक रखता है, ताकि बच्चे संस्कारों के प्रति भी सजग रहे।




नारनौल। एचपीएस स्कूल में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

विद्यालय निदेशक पुष्करमल वर्मा ने विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी नए सत्र में और अधिक ऊर्जा, मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई करते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का संकल्प लें। विद्यालय एमडी डा. हितेश वर्मा व निधि वर्मा ने कहा कि मेहनत करने वालों के लिए कोई भी मंजिल असंभव नहीं है। सभी विद्यार्थी जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े।

## यदुवंशी कॉलेज का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

- एमकॉम प्रथम सेमेस्टर और एमएससी केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा एमकॉम प्रथम सेमेस्टर और एमएससी केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षा परिणाम में एमकॉम प्रथम सेमेस्टर से प्रियंका पुत्री विनोद कुमार ने 9.69 एसजीपीए लेकर कॉलेज स्तर पर प्रथम स्थान, वर्षा पुत्री मूलचंद ने 9.54 लेकर दूसरा, ऋषभ पुत्र कमल ने 9.23 लेकर तीसरा, राहुल पुत्र राकेश ने 9.08 लेकर चौथा व मुस्कान पुत्री राकेश कुमार ने 8.0 एसजीपीए लेकर पांचवा स्थान हासिल किया। एमएससी केमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर की छात्रा तमन्ना पुत्री सुनील प्रकाश, कीर्ति पुत्री कुलदीप ने 9.27 एसजीपीए लेकर प्रथम, प्रियंका कुमारी पुत्री संदीप कुमार ने 9.14 लेकर दूसरा, ललित पुत्री संदीप ने 8.91 लेकर तीसरा, योगिता पुत्री हेमंत ने 8.31 लेकर पांचवा स्थान हासिल किया। दोनों विभाग का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने कहा कि इस बार के परीक्षा परिणामों में कॉलेज के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

## ओरिएंटेशन प्रोग्राम में बच्चों के कार्यक्रमों ने मोह लिया मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय खातोद में नए छात्रों और उनके अभिभावकों का स्वागत करने के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को स्कूल के वातावरण, शैक्षणिक अपेक्षाओं और सह गतिविधियों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने की। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि इस कार्यक्रम से माता-पिता को अपने बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के लिए उपयुक्त तरीकों की पहचान करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना भी जरूरी है।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि आज आरपीएस विद्यार्थियों को उनकी रचनात्मक प्रतिभा और ऊर्जा का पूर्ण उपयोग करने का माध्यम प्रदान करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में भी उनकी मदद कर रहा है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि आरपीएस के विद्यार्थी आज शिक्षा ही नहीं अन्य हर क्षेत्र में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत अभिभावकों के स्वागत के साथ हुई। विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ अपनी शिक्षाप्रद् प्रस्तुतियों का सुंदर प्रदर्शन किया। विंग हैड साक्षी मलिक ने अभिभावकों को स्कूल के नियमों, पहले दिन की तैयारियों, डायरी नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

## एमए इंग्लिश प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मोनिका शेखावत कॉलेज में टॉप



मोनिका



ज्योति



वैभवी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा एमए इंग्लिश के प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, जिसमें एमए इंग्लिश प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मोनिका शेखावत पुत्री नरेश कुमार निवासी सतनाली ने 9.08 एसजीपीए हासिल कर पूरे कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम मे वैभवी पुत्री राजेश कुमार भिवानी ने 8.62 एसजीपीए के साथ कॉलेज में दूसरा एंव ज्योति शर्मा पुत्री गिल्लू राम देवास ने 8.31 एसजीपीए के साथ कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सुबोध पुत्री चांद सिंह ग्राम कनीना ने 7.85 एसजीपीए, वर्षा पुत्री उमेद सिंह ग्राम नांगल मोहनपुर ने 7.38 एसजीपीए, सपना यादव पुत्री महिपाल यादव ग्राम मंडलाना ने 8.00 एसजीपीए प्राप्त किए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर की।

जिले का तीसरा प्रतिभागी सांत्वना पुरस्कार में शामिल

# निबंध लेखन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित प्रदेशस्तर पर दूसरे व तीसरे स्थान पर नारनौल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वावधान में जींद जिले के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 17 जनवरी को आयोजित हुई राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में जिले के दो विद्यार्थियों ने टॉप तीन में स्थान पाया है। इसमें श्री कृष्ण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुंगारका में 12वीं कक्षा की छात्रा रितु पुत्री जगजीत ने प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। राव पहलाद सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खातोद में 11वीं कक्षा की छात्रा ख्याति सिंह पुत्री दिनेश चहल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा बीआर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेहलंग में 10वीं की छात्रा खुशबू पुत्री बलराज सिंह ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बहुअकबरपुर रोहतक की छात्रा वेदिता अहलावत पुत्री संदीप प्रथम रही है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों की तार्किक सोच का विकास होता है।



रितु



ख्याति सिंह



खुशबू

राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वालें विद्यार्थी को 10 हजार, द्वितीय को आठ हजार व तृतीय विद्यार्थी को छह हजार पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, जो कि हरियाणा राज्य विज्ञान नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद पंचकूला की ओर से विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट में स्थानांतरित की जाएगी। साथ ही 10 विद्यार्थियों को तीन तीन हजार रुपये सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि राज्य स्तर पर जिले के तीन विद्यार्थियों ने स्थान बनाया है, जो जिले के लिए गर्व की बात है। यह प्रतियोगिता हरियाणा में विज्ञान व नवाचार को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में उत्साहित करना व उनकी लेखन क्षमता का विकास करना है।

## राव जयराम शिक्षण संस्थान में हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

राव जयराम शिक्षण संस्थान में सोमवार को हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान संस्था निर्देशक सुरेंद्र यादव मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। हवन यज्ञ के माध्यम से विद्यार्थियों की सफलता और संस्थान की उन्नति की मंगलकामना की गई। इस दौरान राव जयराम डिग्री कॉलेज प्राचार्य डॉ. शत्रुघ्न भारद्वाज उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह सत्र विद्यार्थियों के लिए नए अवसर और चुनौतियां लेकर आएगा और उन्हें पूरे आत्मविश्वास और समर्पण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। निर्देशक सुरेंद्र यादव ने बताया कि हवन को भारतीय संस्कृति में शुभ कार्यों की शुरुआत के लिए अति महत्वपूर्ण माना जाता है। हवन के दौरान शुद्धिकरण और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो विद्यार्थियों के लिए एक नई प्रेरणा का स्त्रोत बनता है। निर्देशक सुरेंद्र यादव ने यह विश्वास व्यक्त किया कि आने वाला शैक्षणिक सत्र विद्यार्थियों के लिए न केवल शिक्षा, बल्कि नैतिकता, अनुशासन और आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।



महेंद्रगढ़। नए सत्र पर हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप


नारनौल। मां चामुंडा मंदिर में चांदी भेंट करते भारत भूषण सिंगला।

### भारत भूषण ने भेंट की एक किलो 11 ग्राम चांदी

**नारनौल।** नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था अपने चरम पर रही। नवरात्रि के तीसरे दिन मां चामुंडा देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे मंदिर परिसर में भक्तगण मां के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। इस अवसर पर भारत भूषण सिंगला पुत्र बुधराम सिंघल ने अपनी श्रद्धा व भक्ति भाव प्रकट करते हुए मां चामुंडा देवी के चरणों में एक किलो 11 ग्राम चांदी भेंट की। यह अनमोल भेंट मां के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा व समर्पण का प्रतीक है। मां चामुंडा देवी ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस पावन क्षण में भक्तगण भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और मां के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य किया।

### बस क्यू शेल्टर बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र के लोगों ने ग्रीन कॉरिडोर 152-डी पर गांव बुचावास व भालखी कट पर बस क्यू शैल्टर बनाने को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि मुख्यमंत्री के जनसंवाद में इसकी मांग की गई थी। इसके बारे में अनेक बार ज्ञापन सौंप चुके है, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि गर्मी, सर्दी बरसात के मौसम में काफी यात्री यहां से चंडीगढ़ के लिए आवागमन करते है। ग्रीन कॉरिडोर पर कटों पर उतरने व चढ़ने वाले यात्रियों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर पीने के पानी, शौचालय, खानपान की कोई सुविधा नहीं है।

### हकेंवि में मुखौटा निर्माण कार्यशाला की शुरुआत

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा हिंदी रंगमंच दिवस पर मंगलवार को तीन दिवसीय मुखौटा निर्माण कार्यशाला की शुरुआत हुई। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्यातिथि के रूप में तथा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्तकर्ता डॉ. अभिषेक भारती विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।

# रबी व खरीफ की फसल उगाने वाले किसान मूंग की करें बुवाई, सरकार दे रही 75 प्रतिशत सब्सिडी

## कृषि विशेषज्ञों की माने तो एक एकड़ मूंग की खेती में अनुमानित 10 हजार का खर्च होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मूंग एक दलहनी फसल है। इसे जायद की प्रमुख फसल माना जाता है। यह फसल फलीदार परिवार की एक वनस्पति प्रजाति है। इसके साथ ही मूंग को हरा चना भी कहते है। किसान रबी की फसल में गेहूं, सरसों, जौ, चना, मटर, बरसीम, हरा चारा आदि फसल उगाते है। जिसकी अक्तूबर से दिसंबर में बुआई की जाती और जो फरवरी या मार्च तक पक कर तैयार हो जाती है। किसान को खरीफ की बुवाई के लिए दो महीने का इन्तजार करना होता है। किसान अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए इन दो माह में मूंग की खेती कर सकता है। बाजार में मूंग की उन्नत किस्में उपलब्ध है, जो 60 से 70 दिन में पक कर तैयार हो जाती है। मूंग की कटाई के बाद किसान


नारनौल। सीएससी पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाता किसान। फोटो : हरिभूमि

खरीब की फसल कर सकता है। इससे किसान की आमदनी में इजाफा होता है। कृषि विशेषज्ञों की माने तो एक एकड़ मूंग की खेती में अनुमानित 10 हजार का खर्च होता है। इस फसल के लिए कम पानी की जरूरत होती है। अनुमानित पांच से सात क्विंटल मूंग की पैदावार 35 से 40 हजार तक मंडी में आसानी से बेचा जा सकता है। इसके साथ ही खेत की उर्वरा शक्ति को भी बढ़ावा मिलता है।

किसान को आमदनी के साथ ही खेत में खाद भी मिलता है। सरकार मूंग की खेती को बढ़ावा देने के लिए बीज पर 75 प्रतिशत की सब्सिडी भी दे रही है। बीज पर सब्सिडी लेने के लिए किसान को एग्री हरियाणा की वेबसाइट पर पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण के समय किसान को फसल हरियाणा पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर से पंजीकरण करना होगा इसके बाद किसान को खेत के किला नंबर दर्ज करने होते है। इस तरह किसान का मूंग फसल का बीज के लिए पंजीकरण सफलता पूर्ण दर्ज होता है।

### कम पानी में मूंग की अच्छी पैदावार

*मूंग की फसल साल में दो बार बोई जाती है। मूंग की बुआई मार्च के पहले सप्ताह से अप्रैल के पहले सप्ताह के बीच में की जाती है। वहीं खरीफ में मूंग की बुआई जुलाई के पहले सप्ताह में की जाती है। फसल के लिए गर्म जलवायु की जरूरत होती है। मूंग की फसल के लिए मध्यम दोमट, मटियार भूमि सबसे अच्छी मानी जाती है। मूंग की फसल में ज्यादा बारिश नुकसानदायक होती है। फसल के लिए कम पानी से अच्छी पैदावार की जा सकती है। दक्षिणी हरियाणा के किसानों के लिए मूंग की फसल अच्छी है, यहां पानी की कमी व उचित भूमि उपलब्ध है।*

### बीज पर 75 प्रतिशत सब्सिडी लें किसान

मूंग के बीज पर सब्सिडी लेने के लिए किसान को एग्री हरियाणा की वेबसाइट पर 20 अप्रैल तक पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण के समय किसान को फसल हरियाणा पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर से पंजीकरण करना होगा। इसके बाद किसान को खेत के किला नंबर दर्ज करने होते है। किसानों को ग्रीष्मकालीन मूंग की एमएच 421 किस्म का बीज किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए 25 प्रतिशत राशि बीज खरीदते समय जमा करनी होगी। एक किसान को अधिकतम 30 किलोग्राम अथवा तीन एकड़ तक का बीज प्राप्त कर सकता है। किसान को पूरे ही एकड़ का बीज मिलेगा।

### किसान की आय बढ़ेगी

*नांगल चौधरी के खंड कृषि अधिकारी डा. हरीश यादव ने बताया कि मूंग फसल मिट्टी की उर्वरता के लिए अच्छी है। यह कम अवधि की फसल है, जिससे किसान रबी फसल के बाद व खरीब फसल की बुवाई से पहले एक अतिरिक्त फसल ले सकते है। किसान प्रति एकड़ पांच से छह क्विंटल उपज प्राप्त कर सकते है और दालों की बाजार में उच्च मांग है, जिससे अतिरिक्त आय सुनिश्चित होती है। मूंग के बीज पर सब्सिडी लेने के लिए विभाग की साइट पर पंजीकरण जरूरी है।*

## कर्मचारी हितों पर कुठाराघात करने के विरोध में जमकर नारेबाजी की

# एनएचएम निदेशक के आदेश पत्र की कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर जलाई प्रतियां

- एनएचएम प्रधान बोले, नहीं सहा जाएगा कर्मचारी हितों पर कुठाराघात, प्रदेश स्तर पर करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ से जुड़े नेशनल हेल्थ मिशन कर्मचारियों ने नागरिक अस्पताल कैंपस में एनएचएम मिशन निदेशक के आदेशों को तुगलकी फरमान बताते हुए उनके पत्र की प्रतियां जलाकर अपना रोष प्रकट किया तथा कर्मचारी हितों पर कुठाराघात करने के विरोध में प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व एनएचएम के जिला प्रधान डा. पुष्पेंद्र यादव ने किया।

एनएचएम यूनियन की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हरकेश झील ने बताया कि मिशन निदेशक एनएचएम पंचकूला द्वारा अपने पत्र क्रमांकः 2967-87 दिनांक 31 मार्च 2025 के अनुसार प्रदेश के सभी सिविल सर्जनों को पत्र जारी किया गया है। उक्त पत्र में एनएचएम कर्मचारियों अनुबन्ध रिन्यूवल संबंधित नई शर्तें जोड़ दी हैं, जो नाकाबिले बर्दाश्त हैं। उन्होंने बताया कि इन आदेशों के अनुसार कर्मचारी की सेवा शर्तें, जिनमें कर्तव्य, जिम्मेदारियां, कार्य घंटे, छुट्टी का अधिकार, अनुशासनात्मक मामले आदि शामिल हैं, परन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, लागू सेवा उप-नियम 2018 द्वारा शासित होगी। उपरोक्त के बावजूद, वेतन और पारिश्रमिक का घटक, जिसे वित्त विभाग द्वारा स्थिर कर दिया गया है। माननीय उच्च न्यायलय के समक्ष लम्बित मुकदमों के अंतिम निर्णय या इस सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा लिए गए किसी अन्य निर्णय के अधीन होगा और पारिश्रमिक में कोई भी संशोधन, वृद्धि या संशोधन, उक्त मुकदमों में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतिम निर्णय या आदेश या इस संबंध में वित्त विभाग हरियाणा द्वारा जारी किसी भी अन्य निर्देश लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नियोक्ता वेतन संशोधन से सम्बन्धित किसी भी दावे, बकाया या मांग के लिए तब तक उत्तरदायी नहीं होगा, जब तक की माननीय उच्च न्यायालय अपना अंतिम निर्णय या वित्त विभाग के निर्देश नहीं दे देता है और कोई भी समायोजन, यदि लागू हो, तो न्यायालय के निर्णय या वित्त विभाग के किसी भी अन्य निर्देश के अनुसार किया जाएगा। इस अवसर पर जिला मंत्री विनोद राव, नितेश बंसल, ऋषि गोठवाल, अशोक जांगड़ा, संदीप यादव, लोकेश शर्मा, उमेश कश्यप, नितेश गर्ग, राजेन्द्रपाल, रेणु यादव, मनीषा यादव, ऊषा चौधरी, दिनेश सैनी व श्वेता शर्मा आदि मौजूद रहे।




नारनौल। नागरिक अस्पताल में नारेबाजी करते एनएचएम कर्मचारी व अस्पताल में एनएचएम निदेशक के आदेश पत्र की प्रतियां जलाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### मांग नहीं मानी तो होगा आंदोलन

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. पुष्पेन्द्र ने कहा कि विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा एनएचएम कर्मचारियों के लिए प्रत्येक दिन नए-नए तुगलगकी फरमान जारी किए जा रहे हैं। एनएचएम कर्मचारियों के सेवा नियमों को छीनने की कोशिश विभाग द्वारा की जाती रही है, जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों की जायज मांगें पूरी करने तो दूर विभाग द्वारा दिन-प्रतिदिन तुगलकी फरमान जारी करके एनएचएम कर्मचारियों का मानसिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नए अनुबन्ध पत्र से कर्मचारी विरोधी बिन्दुओं को नहीं हटाया जाता है और लम्बित मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो समस्त हरियाणा का एनएचएम कर्मचारी आन्दोलन के लिए अग्रसर होगा, जिसकी पूर्णतया जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी।

### बनाया जा रहा अनावश्यक दबाव

कर्मचारी वक्ताओं ने कहा कि विभाग के अधिकारियों द्वारा मामला कोर्ट में विचाराधीन का हवाला देते हुए कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। यदि विभाग के अधिकारी वास्तव में माननीय उच्च न्यायालय का सम्मान करते हैं तो माननीय न्यायालय द्वारा बहुत से मुकदमों में कर्मचारियों को स्टे दिया जा चुका है, उन स्टे को अन्तिम निर्णय तक पूरे हरियाणा के सभी एनएचएम कर्मचारियों पर लागू करें। एकतरफ तो माननीय उच्च न्यायालय का हवाला दिया जा रहा है तथा दूसरी तरफ पत्र जारी करके एनएचएम कर्मचारियों के सभी वेतन बढ़ोतरी रोकी जा रही है। उन्होंने प्रदेश के सभी एनएचएम कर्मचारियों से आग्रह किया कि सभी कर्मचारी उसी अनुबन्ध पत्र पर अपने हस्ताक्षर करें, जिस अनुबन्ध पत्र को हम वर्षों से करते आ रहे हैं। नए अनुबन्ध में थोपी गई शर्तों वाले अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करें।


महेंद्रगढ़। नए सत्र पर हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### टैगोर स्कूल में हवन पूजन के साथ नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

**महेंद्रगढ़।** टैगोर विद्यालय में मंगलवार को हवन पूजन के साथ नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ हुआ। इस दौरान मंत्रोच्चारण कर विद्यालय में सनातन धर्म का आस्थान किया। टैगोर स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष हवन, पूजन और मंत्रोच्चारण से शुरू हुआ। आचार्य प्रवीण मंत्रोचारण कर स्कूल में सनातन धर्म का आस्वान किया। संस्था चेयरपर्सन सविता यादव व डायरेक्टर राहुल यादव के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य, अभिभावक और विद्यार्थियों ने यज्ञ में पूर्ण आहुति दी। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। सीईओ डॉ. निशा यादव ने विद्यालय स्टाफ को नए सत्र की शुभकामना दी। इस अवसर पर प्राचार्य विरेंद्र सिंह, उपप्राचार्य सुनील कुमार, पीजीटी हेड निशांत शर्मा मौजूद रहे।



### आरआरसीएम स्कूल में नए सत्र पर हुआ हवन

**कनीना।** आरआरसीएम स्कूल में नए सत्र पर हवन यज्ञ आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन सहित समस्त कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर यज्ञ का पुण्य लाभ प्राप्त किया। यह यज्ञ आचार्य अश्वनी कुमार द्वारा वैदिक विधि-विधान से सम्पन्न करवाया गया। उन्होंने बताया कि यज्ञ व हवन हमारी सनातन संस्कृति का मूल आधार है। सनातन संस्कृति में किसी भी शुभ कार्य का प्रारंभ हवन जैसे पवित्र कार्यों से करने का विधान हैं। मुख्य यजमान संस्था चेयरमैन रोशनलाल यादव अपने संपूर्ण परिवार सहित उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि हवन के सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ वैज्ञानिक महत्त्व भी है। यज्ञ कार्यक्रम में संस्था निदेशक विपुल राव व प्राचार्य हरिप्रकाश सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# कपूरी व मोड़ी में मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

खंड के गांव कपूरी व मोड़ी में मनरेगा योजना के तहत करवाए गए कार्यों का डीआरडीए के परियोजना अधिकारी गोविंद राम शर्मा ने निरीक्षण किया। उनके साथ एबीपीओ हेतराम व सरपंच हिम्मत सिंह भी थे। उन्होंने बताया कि कपूरी की ढाणी गोस्वामी से भड़फ मार्ग तक ग्रामीणों के आने जाने में परेशानी होती थी। बीते अक्टूबर माह में इस मार्ग में कच्चा कार्य करवाकर इंटरलॉक टाइलें लगाकर मार्ग तैयार किया है। जिससे ग्रामीणों का आवागमन सुविधाजनक हुआ है। ईधर मोड़ी गांव में सरपंच पति रामनिवास ने बताया कि स्टेट फाइनेंस कमीशन फंड से लोकनिर्माण विभाग से रास्ता पक्का करवाया गया है। लाखों की लागत से हुए कार्य के बाद ग्रामीणों की राह आसान हुई है।


कनीना। मोड़ी गांव में मनरेगा कार्य का निरीक्षण करते गोविंद राम व अन्य।

# सतनाली अनाज मंडी में 8422 क्विंटल सरसों की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

अनाज मंडी में अब तक 369 किसानों की कुल 8422 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। ऑक्सन रिकॉर्डर संदीप कुमार ने बताया कि मंगलवार को मंडी में 166 किसानों को गेटपास जारी किए गए और 3125 क्विंटल सरसों की आवक हुई। आज 74 किसानों से 1663 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है और खरीद प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि अभी तक कुल 485 गेटपास जारी किए जा चुके हैं और 11009 क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है। जिनमें से 369 किसानों की कुल 8422 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि खरीद प्रक्रिया के साथ खरीदी गई फसल का उठान कार्य भी तेजी से करवाया जा रहा है, अब तक अनाज मंडी से 3600 क्विंटल सरसों का उठान कर दिया गया है।


सतनाली मंडी। अनाज मंडी में रखी सरसों। फोटो : हरिभूमि

### आठवें दिन 232 पास काटे, आवक 4774 क्विंटल रही



**मंडी अटेली।** मंडी अटेली सरसों की सरकारी खरीद आठवें दिन लगातार जारी रही, जिसमें 232 किसानों ने अपनी सरसों की फसल को लेकर अनाज मंडी में पहुंचे, जिसके चलते 4774 क्विंटल सरसों की आवक रही। इन आठ दिनों के दौरान 935 गेट पास कटे हैं, जिनमें सरसों की आवक 19148 क्विंटल रही। खरीद एजेंसी के मैनेजर रोशन लाल ने बताया कि मंगलवार के दिन 218 किसान सरसों की ढेरियां खरीदी गई, जिसमें 5439 मंगलवार तक खरीद का आंकड़ा 16631 क्विंटल सरसों खरीद की गई, जिसमें 5000 बैगों की लिफ्टिंग की गई। कुल लिफ्टिंग 18000 हो चुकी है। मार्केट कमेटी की सचिव सुनीता, सहायक सचिव संजय कुमार, खरीद एजेंसी हैफेड के मैनेजर रोशन लाल ने बताया कि मंडी में सरसों की आवक बढ़ रही है। अबकी बार सरसों का एमएसपी 5950 रुपये है।

## कनीना में की कार्रवाई से वाहन चालकों में मचा हड़कंप, कनीना में बनाए गए बाड़े में रोके गए जब्त किए गए वाहन

# आरटीए, सीएम फ्लाइंग और माइनिंग विभाग की टीम ने स्कूल बस सहित 13 ओवरलोड वाहनों के किए चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

जिले में विभिन्न सड़क मार्गों पर सरपट दौड़ने वाले ओवरलोड वाहनों के खिलाफ मंगलवार को आरटीए, सीएम फ्लाइंग व माइनिंग विभाग की संयुक्त टीम ने कनीना क्षेत्र में छापेमारी कर दर्जनभर ओवरलोड वाहनों को काबू कर करीब चार लाख रुपये का जुर्माना ठोका। वहीं एक स्कूल बस को भी लापवाही से चलाने के आरोप में कब्जे में लिया। जिस पर छह हजार रुपये का जुर्माना किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले समय से कनीना के विभिन्न मार्गों से ओवरलोड वाहन बेरोकटोक गुजर रहे हैं। जिनसे न केवल सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त होता है, बल्कि हादसों को भी बढ़ावा मिला है। ओवरलोड वाहनों के कारण रेवाड़ी जिले की सीमा तक कनीना कोसली सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिससे सड़क हादसों की प्रबल संभावना है। आरटीए विभाग के टीआई बलबीर सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह साढ़े पांच छह बजे अटेली मोड़ टी प्वाइंट के समीप संयुक्त टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली सहित एक के बाद एक 12 वाहनों को जब्त कर बाड़े में रोका गया। जिन पर चार लाख रुपये को जुर्माना लगाया गया। ई रवाना व कांटा पर्ची में अंतर मिलने पर तीन वाहनों का माइनिंग का भी चालान किया गया है। इधर, टीम की ओर से छापेमार कार्रवाई की कानोंकान सूचना मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया तथा चालकों ने विभिन्न सड़क मार्गों पर वाहन ब्रेक कर दिए। जिससे सड़कें सुनसान दिखाई देने लगी। टीम सदस्यों ने बताया कि जुर्माना राशि अदा करने के बाद वाहनों को बाड़े से रवाना किया जाएगा। इस मौके पर टीम में शामिल सीएमएफएस के लीलाराम, सचिन कुमार, माइनिंग विभाग से निरीक्षक मनीषा सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



कनीना। आरटीए, सीएम फ्लाइंग व माइनिंग विभाग की संयुक्त द्वारा काबू किए गए ओवरलोड वाहन व ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने वाली टीम में शामिल अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### एडवोकेट विनय ने 1 लाख सहायता राशि की भेंट की


प्राचार्य को एक लाख रुपये की सहायता राशि सौंपते एडवोकेट विनय यादव।

**नारनौल।** मोहल्ला खड़खड़ी स्थित नेत्रहीन कन्या विद्यालय में गांव सलूनी निवासी एडवोकेट विनय यादव पुत्र अशोक नंबरदार ने एक लाख रुपये नेत्रहीन कन्या महाविद्यालय की प्रिंसिपल दान स्वरूप भेंट किए। एडवोकेट विनय यादव हाल में दिल्ली विश्वविद्यालय में कानून सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्य कर रहे है। इस अवसर पर एडवोकेट विनय यादव ने कहा कि हमें अपने नेक कमाई से संस्था, गोशाला व अन्य सामाजिक तथा धार्मिक कार्यों में खर्च करना चाहिए। जिससे उस संस्था को सहारा मिल सके तथा जरूरतमंदों की सहायता हो सके। नेत्रहीन कन्या विद्यालय में भी ऐसी ही छात्राएं है। जिनको कम दिखाई व सुनाई देता है।